# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 27.03.2025

**मीरजापुर पुलिस द्वारा एक नफर गौ-तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार/घायल-**

मीरजापुर पुलिस द्वारा लगातार गोतस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है आज दिनांकः27.03.2025 को प्रातः सूचना प्राप्त हुई कि थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत सेमरी जंगल में कुछ गोतस्कर जानवरों को लाद कर ले जाने वाले है। प्राप्त सूचना पर थाना अदलहाट व थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा सेमरी जंगल में गोतस्करों को घोरा गया। इस दौरान गोतस्करों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गया पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही में तीन गोतस्करों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक अभियुक्त सलीम कुरैशी के दाहिनें पैर में गोली लगी है। गोतस्करों के कब्जें से 15 गोवंश, एक पिकप वाहन व अवैध असलहा बरामद किये गये है। घायल बदमाश सलीम को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़ ले जाया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है तथा स्थिति सामान्य बतायी गयी है। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।